# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur (U.P.)**

## पीएच0डी0 प्रवेश–2020

# सूचना विवरणिका

**website : www.vbspu.ac.in**

## शोध (पीएच0डी0) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | | |
|---|---|---|
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | : | 01 अक्टूबर, 2020 (बृहस्पतिवार) |
| आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने की अन्तिम तिथि | : | 23 अक्टूबर, 2020 (शुक्रवार) |
| भरे हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि | : | 31 अक्टूबर, 2020 (शनिवार) |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | | 20 दिसम्बर, 2020(रविवार) |
| परीक्षाफल की तिथि | : | 12 जनवरी, 2021 (मंगलवार) |

**नोट–**

1. **जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इस सत्र (2020–21) हेतु आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**
2. विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 23 अक्टूबर, 2020 के बाद किसी भी दशा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरा जा सकेगा।
3. प्रवेश हेतु ऑनलाइन शुल्क जमा करने के 24 घण्टे के पश्चात् विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिण्ट निकाला जा सकता है।
4. पीएच0डी0 प्रवेश से सम्बन्धित अन्य किसी सूचना के लिये विश्वविद्यालय बेवसाइट का अवलोकन करते रहें।

## शोध (पीएच0डी0) अभ्यर्थियों के लिये आवेदन शुल्क विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतु : | रू0 1000/– |
| 2. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु : | रू0 500/– |

नोट–

1. डाउनलोड किये गये आवेदन–पत्र का प्रिण्ट एवं समस्त प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर–222003 (उत्तर प्रदेश) को दिनांक– 31 अक्टूबर, 2020 तक प्राप्त होना अनिवार्य है।
2. कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत **विशेष परिस्थिति में** अपना आवेदन पत्र एवं समस्त प्रपत्रों की स्वप्रमाणित स्कैन कापी भी पी0डी0एफ0 (pdf) फाइल में विश्वविद्यालय के ई–मेल **vbspu.phd777@gmail.com** पर प्रेषित किया जा सकता है।

# पीएच0डी0 प्रवेश– 2020 हेतु विषयों का विवरण

| क्रमांक | विषय | विश्वविद्यालय परिसर एवं राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित विषय | विषय कोड | सीटों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भौतिकी | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 01 | 39 |
| 2. | रसायन विज्ञान | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 02 | 51 |
| 3. | गणित | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 03 | 34 |
| 4. | भूगर्भ विज्ञान/एप्लाईड जियोलॉजी | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 04 | 08 |
| 5. | नैनो साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी | विश्वविद्यालय परिसर | 05 | 08 |
| 6. | रिन्यूएबल एनर्जी | विश्वविद्यालय परिसर | 06 | 03 |
| 7. | बायोटेक्नोलॉजी | विश्वविद्यालय परिसर | 07 | 25 |
| 8. | एम0बी0ए0 (व्यवसायिक अर्थशास्त्र) | विश्वविद्यालय परिसर | 08 | 04 |
| 9. | एम0बी0ए0 (एच0आर0डी0) | विश्वविद्यालय परिसर | 09 | 01 |
| 10 | एम0बी0ए0 (वित्तीय अध्ययन)* | विश्वविद्यालय परिसर | 10 | – |
| 11 | एम0बी0ए0 * | विश्वविद्यालय परिसर | 11 | – |
| 12. | व्यवहारिक मनोविज्ञान | विश्वविद्यालय परिसर | 12 | 06 |
| 13. | कम्प्यूटर अप्लीकेशंस | विश्वविद्यालय परिसर | 13 | 03 |
| 14. | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग * | विश्वविद्यालय परिसर | 14 | – |
| 15. | कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग * | विश्वविद्यालय परिसर | 15 | – |
| 16. | मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग | विश्वविद्यालय परिसर | 16 | 05 |
| 17. | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | विश्वविद्यालय परिसर | 17 | 02 |
| 18. | जनसंचार एवं पत्रकारिता | विश्वविद्यालय परिसर | 18 | 09 |
| 19. | विधि | महाविद्यालय | 19 | 12 |
| 20. | हिन्दी | महाविद्यालय | 20 | 10 |
| 21. | अंग्रेजी | महाविद्यालय | 21 | 02 |
| 22. | समाजशास्त्र | महाविद्यालय | 22 | 05 |
| 23. | राजनीतिशास्त्र | महाविद्यालय | 23 | 22 |
| 24. | प्राचीन इतिहास * | महाविद्यालय | 24 | – |
| 25. | मनोविज्ञान | महाविद्यालय | 25 | 10 |
| 26. | सैन्य विज्ञान | महाविद्यालय | 26 | 28 |
| 27. | इतिहास * | महाविद्यालय | 27 | – |
| 28. | अर्थशास्त्र | महाविद्यालय | 28 | 25 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29. | शिक्षाशास्त्र | महाविद्यालय | 29 | 02 |
| 30. | संस्कृत | महाविद्यालय | 30 | 43 |
| 31. | दर्शनशास्त्र | महाविद्यालय | 31 | 14 |
| 32. | उर्दू | महाविद्यालय | 32 | 04 |
| 33. | शिक्षा संकाय (बी0एड्0) | महाविद्यालय | 33 | 11 |
| 34. | वाणिज्य | महाविद्यालय | 34 | 04 |
| 35. | जन्तु विज्ञान | महाविद्यालय | 35 | 26 |
| 36. | वनस्पति विज्ञान | महाविद्यालय | 36 | 03 |
| 37. | शस्य विज्ञान | महाविद्यालय | 37 | 11 |
| 38. | आनुवांशिकी पादप प्रजनन | महाविद्यालय | 38 | 13 |
| 39. | पादप रोग विज्ञान | महाविद्यालय | 39 | 05 |
| 40. | कीट विज्ञान * | महाविद्यालय | 40 | — |
| 41. | कृषि रसायन | महाविद्यालय | 41 | 03 |
| 42. | उद्यान विज्ञान | महाविद्यालय | 42 | 07 |
| 43. | पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान | महाविद्यालय | 43 | 06 |
| 44. | कृषि अर्थशास्त्र * | महाविद्यालय | 44 | — |
| 45. | गृहविज्ञान * | महाविद्यालय | 45 | — |
| 46. | भूगोल | महाविद्यालय | 46 | 07 |
| 47. | शारीरिक शिक्षा | महाविद्यालय | 47 | 12 |
| 48. | कृषि प्रसार * | महाविद्यालय | 48 | — |
| 49. | संगीत | महाविद्यालय | 49 | 01 |
| 50. | कृषि अभियान्त्रिकी * | महाविद्यालय | 50 | — |

***** वर्तमान में कोई सीट रिक्त नहीं है, भविष्य में सीट रिक्त होने की सम्भावना है। पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा के उपरान्त DRC की अन्तिम तिथि तक सीटों में परिवर्तन सम्भव है।

**नोटः** परीक्षा के पश्चात् शोध समिति की बैठक के समय विश्वविद्यालय परिसर एवं राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय में रिक्त सीटों को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट एवं DRC के साक्षात्कार के आधार पर शोध विषयों में प्रवेश लिया जायेगा। आरक्षण का लाभ उ0प्र0 राज्य द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा।

## 1. शोध अभ्यर्थी के लिए अर्हता (Eligibility Criteria for Research Scholar)

(i) वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, अथवा अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम् 55 प्रतिशत (अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विकलांग आवेदकों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत) अंक के साथ उत्तीर्ण छात्र पीएच0डी0 हेतु आवेदन कर सकते हैं।

(ii) ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने UGC, CSIR, DBT, ICAR, ICMR आदि संस्थाओं से J.R.F., NET, GATE एवं UP SLET अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।

(iii) वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं इससे सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के स्थायी शिक्षक (परीवीक्षा अवधि की समाप्ति पर स्थायीकरण के उपरान्त)

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय अभ्यर्थी (एन0आर0आई0 सहित) जो समय–समय पर भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश, शुल्क आदि से सम्बन्धी बनाये गये नियमों एवं शर्तो से आच्छादित होते हैं।

(v) ऐसे अभ्यर्थी जिनका GATE PERCENTAGE 75 प्रतिशत से कम ना हो।

(vi) ऐसे अभ्यर्थी जो आर्मी, नेवी तथा एयरफोर्स में (कम से कम कर्नल रैंक या उसके समकक्ष) न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा की हो, वे डिफैन्स या स्ट्रेटजिक स्टडीज विषय में अर्ह होगे।

(vii) एम0फिल0 उपाधि धारक भी अर्ह होंगे।

(viii) गर्वनमेंट सेक्टर पब्लिक सेक्टर, प्रावेट इन्डस्ट्री/ कम्पनीज में अधिकारी जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

## 2. प्रवेश परीक्षा से छूट (Exemption From Entrance Test)

(i) स्थायी शिक्षक जो विश्वविद्यालय परिसर या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेज में अध्यापन कर रहे हों और अपना परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हों।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय अभ्यर्थी (एन0आर0आई0 सहित) जो समय–समय पर भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश, शुल्क आदि से सम्बन्धी बनाये गये नियमों एवं शर्तो से आच्छादित होते है।

(iii) वे सभी अभ्यर्थी जिनका चयन यू0जी0सी0/ सी0एस0आई0आर0 /डी0बी0टी0 /आई0सी0ए0आर0 या भारत सरकार की किसी अन्य केन्द्रीय संस्थाओं द्वारा जे0आर0एफ0/नेट/गेट एवं यू0पी0 स्लेट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या फेलोशिप के नियमों एवं वैधता को पूर्ण करते हें।

(iv) जिन अभ्यर्थियों ने GATE की परीक्षा में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों।

(v) जिन्होंने आर्मी, नेवी तथा एयरफोर्स में (कम से कम कर्नल रैंक या उसके समकक्ष) कम से कम 10 वर्ष की सेवा की हो, को डिफैन्स या स्ट्रेटजिक स्टडीज में पीएच0डी0 करने का अवसर प्राप्त होगा।

(vi) एम0फिल0 उपाधि धारक भी अर्ह होंगे।

(vii) गर्वनमेंट सेक्टर पब्लिक सेक्टर, प्रावेट इन्डस्ट्री/ कम्पनीज में अधिकारी जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

**नोट – उपरोक्त श्रेणी के अन्तर्गत PUCRET प्रवेश परीक्षा से छूट पाने वाले अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

## 3. प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन सम्बन्धी दिशा–निर्देश
## (Guidelines to fill Online Application for Entrance Examination)

(i) प्रवेश हेतु निर्धारित ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vbspu.ac.in पर दिये गये समस्त दिशा निर्देशों को भलीभांति पढ़े तथा उसके अनुसार आवेदन–पत्र में आवश्यक सभी प्रविष्टियां सावधानी पूर्वक भरें।

(ii) ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरते समय अपनी नवीनतम् स्पष्ट रंगीन फोटो (.jpeg) एवं स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर निर्धारित स्थान पर अपलोड करें।

(iii) किसी एक ही विषय के लिये ऑन लाइन शोध प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

(iv) ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी द्वारा जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा और न ही अन्य किसी पाठ्यक्रम में स्थानान्तरित किया जायेगा।

(v) अभ्यर्थी को प्रवेश लेते समय प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) जमा करना अनिवार्य होगा।

(vi) अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा परिणाम की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट /समाचार–पत्र/मोबाइल मैसेज द्वारा दिया जायेगा। अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय/सम्बन्धित अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय में विभागीय शोध समिति (डी0आर0सी0)/ आर0डी0सी0 (Research Degree Committee) हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रारूप पर अपना आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(vii) विभागीय शोध समिति (डी0आर0सी0) के समक्ष अर्हकारी योग्यता से सम्बन्धित समस्त अंक–पत्र तथा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(viii) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vbspu.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(ix) यदि एक स्थान रिक्त हो और दो या उससे अधिक अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा में समान अंक हों तो अर्हकारी परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन वरीयता के आधार किया जायेगा।

(x) विश्वविद्यालय से प्रवेश के लिए सूचित तिथि एवं समय पर निर्धारित शुल्क जमा ने करने पर चयनित अभ्यर्थी का प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा।

(xi) यदि त्रुटिवश कोई अनर्ह अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठ जाता है, ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय को उसका अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार होगा।

## 4. <u>शोध प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र का प्रारूप (Format of Question Paper for Research Entrance Examination):</u>

(i) **PUCRET** बहुवैकल्पिक प्रश्न (Objective type Question) पर आधारित होगा जिसमें दो प्रश्न पत्र होंगे।

**प्रथम प्रश्न पत्र –** सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए समान होगा, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 02 अंक के होंगे। यह प्रश्न–पत्र जनरल अवेयरनेस, रिसर्च एप्टीट्यूट तथा एकेडमिक एप्टीट्यूड पर आधारित होगा, जिसके लिए 01 घण्टे का समय निर्धारित होगा।

**द्वितीय प्रश्न पत्र –** सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए अलग–अलग होंगे, इस प्रश्न–पत्र में केवल सम्बन्धित विषय पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 02 अंक के होंगे। इस प्रश्न–पत्र के लिए 02 घण्टे का समय निर्धारित होगा।

**नोट–** प्रवेश परीक्षा में कोई नकारात्मक मार्किंग नहीं होगी।

(ii) प्रवेश परीक्षा दिनांक 20 दिसम्बर, 2020 को दो पालियों में प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक (प्रथम पाली) व अपरान्ह 02:00 से 04:00 बजे तक (द्वितीय पाली) सम्पन्न करायी जायेंगी।

(iii) परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

## 5(A). आरक्षण (Reservation)

(i) आरक्षण अधिनियम के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ी जाति के लिए क्रमशः 21, 02 तथा 27 प्रतिशत स्थान आरक्षित है (उ0प्र0 शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुरूप)। आरक्षण का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र में यथा स्थान अधोलिखित तालिका के अनुसार श्रेणी का उल्लेख करना होगा। डी0आर0सी0 के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिये उ0प्र0 सरकार के शासनादेश के अनुसार निर्गत जाति प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

(ii) आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर शासनादेश के अनुरूप आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।

(iii) आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी हैं। इसके लिये अभ्यर्थी को निवास प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### आरक्षण तालिका/ Reservation Table

| श्रेणी | कोड संख्या | श्रेणी | कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| सामान्य | 01 | अनुसूचित जाति | 03 |
| आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग | 01**A** | अनुसूचित जनजाति | 04 |
| अन्य पिछड़ी जाति | 02 | | |

## 5(B). क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

(i) विकलांग अभ्यर्थियों की सभी श्रेणियों (दृष्टिहीन/कम दृष्टि, श्रवण ह्रास एवं पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिये पृथक–पृथक एक प्रतिशत स्थान कुल 03 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। विकलांग अभ्यर्थी को आरक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा।

(ii) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए कुल 02 प्रतिशत तथा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक/जम्मू कश्मीर में तैनात सैनिक अथवा अर्द्धसैनिक आश्रित अथवा जम्मू कश्मीर से विस्थापित नागरिको के आश्रितों के लिए कुल 05 प्रतिशत सीट सम्बन्धित श्रेणी में आरक्षित है।

(iii) महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02 प्रतिशत सीट विधवा/ तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित श्रेणी में आरक्षित है।

### क्षैतिज आरक्षण तालिका (**Horizontal Reservation Table**)

| अन्य आश्रित संवर्ग | कोड | अन्य आश्रित संवर्ग | | कोड |
|---|---|---|---|---|
| भूतपूर्व सैनिक आश्रित | 05 | विकलांग अभ्यर्थी | दृष्टिहीन/कम दृष्टि | 11 **A** |
| कार्यरत सैनिक आश्रित | 06 | | श्रवण ह्रास | 11 **B** |
| स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 07 | | पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात | 11 **C** |
| जम्मू/कश्मीर में तैनात अर्द्धसैनिक के आश्रित | 08 | विधवा/तलाकशुदा (महिला) | | 12 |
| जम्मू/कश्मीर से विस्थापित के आश्रित | 09 | | | |
| महिला | 10 | | | |

**निदेशक**
**पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020**

**कुलसचिव**